






# सुदर्शन–सुंदर ने मिलकर संभाली पारी

## गुजरात ने हैदराबाद को दिया 169 रन का लक्ष्य



**अहमदाबाद, 12 मई . आईपीएल के 56वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 169 रन का लक्ष्य दिया. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी. गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए.**

गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए, लेकिन साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर ने शानदार साझेदारी कर टीम को संभाला. साई सुदर्शन ने 44 गेंदों में 61 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. उन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई और इस सीजन 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने. वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों पर 50 रन बनाए. उनकी पारी में 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. डेथ ओवरों में सुंदर ने तेजी से रन बटोरकर गुजरात को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. अंतिम ओवर में वह अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद साकिब हुसैन का शिकार बने. हैदराबाद की ओर से प्रफुल हिंगे और साकिब हसन ने 2–2 विकेट हासिल किए, जबकि कप्तान पैट कमिंस को एक सफलता मिली. प्रफुल हिंगे ने डेथ ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रन गति पर अंकुश लगाया. अब हैदराबाद को मुकाबला जीतने के लिए 20 ओवर में 169 रन बनाने होंगे. टीम की उम्मीदें अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासन जैसे बल्लेबाजों पर टिकी रहेंगी.

### कौन–सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरसीबी | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +1.103 |
| 2. | हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| 3. | जीटी | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.228 |
| 4. | पीबीकेएस | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | +0.428 |
| 5. | सीएसके | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.185 |
| 6. | आरआर | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| 7. | डीसी | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | केकेआर | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | एमआई | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | एलएसजी | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### गुजरात की बल्लेबाजी

| बल्लेबाज | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 61 | 44 | 5 | 2 |
| शुभमन गिल | 5 | 7 | 1 | 0 |
| जोस बटलर | 7 | 11 | 1 | 0 |
| निशांत सिंधु | 22 | 14 | 3 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 50 | 33 | 7 | 1 |
| जेसन होल्डरनाबाद | 11 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल तेवतियानाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |



# इगा स्वियाटेक ने क्वार्टर–फ़ाइनल में बनाई जगह

**रोम, 12 मई रोम में खेले जा रहे टेनिस इटेलियन ओपन में महिला एकल मुकाबले में दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टर–फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है.**

तीन बार की चैंपियन स्वियाटेक ने सोमवार को खेले गए राउंड ऑफ 16 मुकाबले में ओसाका को 6–2, 6–1 से हराते हुए सिर्फ़ एक घंटा 20 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ उन्होंने एक बार फिर क्ले कोर्ट पर अपनी मजबूत पकड़ का प्रदर्शन किया. मैच की शुरुआत से ही स्वियाटेक ने आक्रामक रुख अपनाया और लगातार ओसाका पर दबाव बनाए रखा. उन्होंने पूरे मुकाबले में 23 विनर्स लगाए और हर विभाग में अपने प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन किया. दूसरी ओर, नाओमी ओसाका इस मैच में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती नजर आईं. वह केवल 9 विनर्स ही लगा सकीं और उनकी सर्विस भी लगातार कमजोर साबित हुई, जिसमें सिर्फ़ 54 प्रतिशत पहली सर्विस ही सही जगह पर लगी. शुरुआती सेट से ही ओसाका अपनी गलतियों से जूझती रहीं.

## एक नजर में

### झशबनीम इस्माइल ने बदला रिटायरमेंट

**जोहानसबर्ग.** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है. 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं. लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिज़ैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेटकीपर–बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज़ से बाहर हो गई थीं. कायला रेनेके को एक मज़बूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल–अप मिला, जिसमें उन्होंने बल्ले से 53 का एवरेज बनाया और अपने पहले नौ टी20 मैचों में पांच विकेट लिए. टीम: लॉरा वोल्वार्ट (कप्तान), टैज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, शबनीम इस्माइल, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ैन कैप, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, कायला रेनेके, टुमी सेखुरियोन, क्लोई टी हेड कोच मंडला माशिम्बी ने कहा, 'हम आगे होने वाले बड़े शो के लिए उत्साहित हैं, और मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में सच में बहुत मेहनत की है.



### मैं सौ% गेंदबाज और सौ% बल्लेबाज हूं : माधव

**धर्मशाला.** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा. पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ़ की बची–खुची उम्मीदों को ज़िंदा रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला. 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि ज़रूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें. दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया. उस मैच में तिवारी ने सिर्फ़ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली. तिवारी ने कहा, 'सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौक़ा दिया और मैं ख़ुशक़िस्मत हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया. मेरी सोच हमेशा यही रहती है कि अगर चीज़ें आपके हाथ में नहीं हैं, तो आप हर अभ्यास सत्र में खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें.





### डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन.** पूर्व भारतीय कप्तान और टी20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरोपियन टी20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोषित किया गया है. यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी. क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफ़ास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं. यह यूरोप की पहली आईसीसी–मान्यता प्राप्त बहु–देशीय फ्रेंचाइजी टी20 लीग भी है. द्रविड़ ने एक बयान में कहा, 'ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज़्यादा आकर्षित कर गई, वह इसका बड़ा विज़न था. इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मज़बूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौक़ा है. डबलिन में पहले से ही क्रिकेट को लेकर जुनूनी समुदाय है और यहां विकास की काफ़ी संभावनाएं हैं.



# चीन ने लगातार 12वीं बार जीता विश्व टीम टेबल टेनिस खिताब

**लंदन, 12 मई चीन ने वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जापान पर 3–0 से जीत हासिल करते हुए पुरुषों की टीम का लगातार 12वां खिताब अपने नाम किया. यह जीत लियांग जिंगकुन के एक और शानदार वापसी वाले प्रदर्शन की बदौलत मिली.**

सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्सिस लेब्रुन के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करने के ठीक एक दिन बाद, लियांग ने जापान के शीर्ष खिलाड़ी टोमोकाज़ु हारिमोटो के खिलाफ भी उसी कारनामे को दोहराया. लियांग को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा; वह शुरुआती दो गेम 11–8 और 11–4 से हार गए, क्योंकि हारिमोटो अपनी ज़बरदस्त गति और आक्रामकता से खेल पर हावी थे.

# सात्विक–चिराग जीत के बाद दूसरे राउंड में

## एशियन गेम्स चैंपियन

**बैंकाक, 12 मई मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को निमिबुत्र स्टेडियम में कड़ी टक्कर में जीत के साथ थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन कैंपेन की शुरुआत की.**



बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर टॉप सीड सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इंडोनेशिया की अनरैंक्ड जोड़ी पुत्रा एरवियनस्याह और बगास मौलाना को 21–19, 21–23, 21–10 से हराकर दूसरे राउंड में एंट्री की. धीमी शुरुआत के बाद, जिसमें वे 16–11 से पीछे थे, सात्विक–चिराग ने लगातार सात पॉइंट्स के साथ वापसी की और कंट्रोल हासिल किया और एक कड़े शुरुआती गेम में जीत हासिल की. दूसरे गेम में मोमेंटम बदला और इंडोनेशियाई जोड़ी ने 11–9 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई–ब्रेक तक पहुंचाया, जिसे उन्होंने जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया और एक डिसाइडर सेट कर दिया.

हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शुरू से आखिर तक आखिरी गेम में दबदबा बनाकर और एक घंटे चार मिनट में मुकाबला खत्म करके यह पक्का किया कि आगे कोई दिक्कत न हो.

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अपने तीसरे थाईलैंड ओपन टाइटल पर नज़र गड़ाए हुए हैं. उन्होंने पहले दो बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था – 2019 और 2024 में.

भारत के एमआर अर्जुन/ हरिहरन अम्साकारुनन और महिला डबल्स जोड़ी रुतपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा दिन में बाद में अपने शुरुआती मेन ड्रॉ मैचों में एक्शन में होंगी. पुरुषों के सिंगल्स क्वालिफाइंग मैचों में, मानव चौधरी ने पेरिस 2024 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट मलेशिया के ली ज़ी जिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन मैच 21–19, 21–18 से हार गए. अनुष्का शाहपुरकर भी महिलाओं के सिंगल्स क्वालिफ़ायर में थाईलैंड की यातावीमिन केटक्लिएंग से 21–5, 21–7 से हारकर बाहर हो गईं. मोहित जगलान और लक्षिता जगलान का मिक्स्ड डबल्स कैंपेन भी क्वालिफ़ायर में चीनी ताइपे के त्साई फू–चेंग और सुंग यू–हसुआन से 21–11, 21–18 से हार के साथ खत्म हो गया.

# वर्ल्ड कप की अगुवाई करेंगे मेसी

## मेसी को फीफा वर्ल्ड कप के लिए चुना



**ब्यूनस आयर्स, 12 मई लियोनेल मेसी उन 55 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सोमवार को अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की शुरुआती टीम में चुना गया है.**

38 वर्षीय मेसी उस आक्रमण पंक्ति की अगुवाई करेंगे, जिसमें इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज, एटलेटिको मैड्रिड के फॉरवर्ड जूलियन अल्वारेज और बोलोग्ना के सैंटियागो कास्त्रो भी शामिल हैं.झ इस सूची में कई ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है; इनमें बोका जूनियर्स के डिफेंडर लुटारो डि लोलो, कास्त्रो, गेटाफे के सेंटर–बैक ज़ैद रोमेरो और रिवर प्लेट के गोलकीपर सैंटियागो बेल्ट्रान शामिल हैं.

फीफा ने वर्ल्ड कप की अंतिम टीमों की घोषणा के लिए 2 जून की समय सीमा तय की है. अर्जेंटीना अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ करेगा, जिसके बाद ग्रुप जे में उसका मुकाबला ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से भी होगा.




### ऑरेंज कैप : दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल

**धर्मशाला.** दिल्ली के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुँच गए हैं. ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड: दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ सोमवार को बेहद ज़रूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ़ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें ज़िंदा रहीं. हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे. लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए. उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177.98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं. मंगलवार को सनराइज़र्स हैदराबाद का मुकाबला गुजरात टाइटंस से है, इसलिए राहुल की यह पोज़िशन सुरक्षित नहीं है.

# नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी

## सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में डेब्यू की तैयारी में

**रोम, 12 मई भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिष्ठित एथलेटिक्स सीरीज़ के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं.**



खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है. नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है. उन्हें आखिरी बार सितंबर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहाँ उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशाजनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे. नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नज़रें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है. 26 वर्षीय सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे.

## आईपीएल 2026 ▶ रायपुर में होने वाला मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है

# प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी आरसीबी

**रायपुर, 12 मई. प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है.**




डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है. शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे–धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुँचने की कगार पर खड़े हैं. लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है–एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है.

जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे. बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा.

आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है. हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं. उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस–पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है.

कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं. फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा–तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है. और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी ज़रूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है.

> गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताज़ा कर दी है. इस सीज़न में उनके द्वारा लिए गए 21 विकेट एक ऐसे गेंदबाज़ की कहानी बयाँ करते हैं, जो आज भी लय, गेंद की मूवमेंट और नियंत्रण को ज़्यादातर दूसरे गेंदबाज़ों के मुकाबले कहीं बेहतर समझता है. लेकिन जहाँ आरसीबी का प्रदर्शन लगातार एक जैसा और स्थिर रहा है, वहीं केकेआर का सफ़र उतार–चढ़ावों और नाटकीयता से भरा रहा है. अभी कुछ ही हफ़्ते पहले तक तो ऐसा लग रहा था कि उनका यह अभियान अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है.